राजस्थान में लव-कुश वाटिकाओं का निर्माण कार्य 1 जुलाई से होगा आरंभ

चर्चा में क्यों?

21 जून, 2022 को राजस्थान वन विभाग के प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में लगभग 2-2 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली लव-कुश वाटिकाओं के निर्माण कार्य की शुरुआत 1 जुलाई, 2022 से की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- इन वाटिकाओं के निर्माण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को शिक्षित एवं जागरूक करना तथा उनमें वनानुभव को बढ़ावा देना है।
- अग्रवाल ने बताया कि इन वाटिकाओं में स्थानीय पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के अनुकूल वहाँ की स्थानीय वनस्पतियाँ, जैसे- फल, फूल, औषधीय एवं छायादार पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, ताकि लोगों को वहाँ का स्थानीय वनानुभव मिल सके।
- वहीं प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन बल प्रमुख डॉ. डी.एन. पांडेय ने लव-कुश वाटिकाओं के निर्माण की संरचना एवं आकार-प्रकार के बारे में ज़िला उप-वन संरक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि इनके निर्माणकार्य में अधिक-से-अधिक प्राकृतिक सामग्री का उपयोग किया जाए, ताकि यह लोगों को प्रकृति का अहसास कराने वाली वाटिका साबित हो।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-construction-work-of-lav-kush-vatika